तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 16 जनवरी 2024



12 छोटे देश की जितनी जनसंख्या उतनी भारत में हरसाल हादसे में मौत : सैनी



13 खेल स्वस्थ तो बनाता ही है, कैरियर बनाने का भी एक बेहतर विकल्प : लखेश्वर






## खबर संक्षेप

### 60 बोरा अवैध धान और पिकअप जब्त



**गीदम।** पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बारसूर उन्नती ठाकुर के पर्यवेक्षण व निरीक्षक राजेश चण्ड के नेतृत्व में अवैध धान परिवहन पर रोक लगाने पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आज पुलिस को मुखबीर से मिली जानकारी जिसमें एक पिकअप वाहन में धान बोरियां भरकर टेमरू भाटापारा बारसूर रोड से मुचनार की ओर जा रही है, जो अवैध परिवहन सा प्रतीत हो रहा है। जिस पर पुलिस मौके पर जाकर तस्दीक करने पर पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 18 एम 5759 के चालक मुकेश ठाकुर पिता नकुल ठाकुर उम्र 24 वर्ष निवासी भैरमगढ़ बडलापाल थाना भैरमगढ़ जिला बीजापुर द्वारा पिकअप में भरे 60 बोरी 2500 किलो धान के संबंध में वैधानिक दस्तावेज नही होना बताने एवं संतोषजनक जवाब नहीं देने के कारण, तत्काल खाद्य विभाग को सूचित कर, खाद्य विभाग के अधिकारियों को वैधानिक कार्यवाही के लिए सौंपा गया।

### नक्सलियों ने धारदार हथियार से ग्रामीण युवक की हत्या की

**जगदलपुर।** बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र में माओवादियों ने युवक की पुलिस मुखबिरी के संदेह में धारदार हथियार से हत्या कर दी है। बताया जा रहा है कि चार दिन पूर्व पुलिस ने मुठभेड़ में जनमिलिशिया कमाण्डर को मार गिराया था इसी बौखलाहट में माओवादियों ने घटना को अंजाम दिया है। जानकारी के मुताबिक माओवादियों ने रविवार व सोमवार की दरम्यानी रात 19 वर्षीय युवक की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी और युवक के शव को सड़क पर फेंक दिया। मामला गंगालूर थाना क्षेत्र का है। पूसनार निवासी रिषु पुनेम 19 वर्ष की नक्सलियों ने धारदार हथियार से हमला कर मौत के घाट उतार दिया और मृतक के शव को पुसनार सड़क पर फेंक दिया। इस घटना की जानकारी परिजनों ने पुलिस को दी जिसके बाद मामले की तस्दीक कर युवक के शव का पोस्टमार्टम करने की बात पुलिस ने कही है। कहा जा रहा है कि युवक कि हत्या नक्सलियों ने बौखलाहट में की है। इससे पूर्व 12 जनवरी को पुलिस और माओवादियों के बीच जबरदस्त मुठभेड़ हुई थी। जिसमें जवानों ने गंगालूर एरिया कमेटी के जनमिलिशिया कमांडर तोया पोटाम को मुठभेड़ में मार गिराया था, जिस पर 1 लाख का ईनाम घोषित था। पुलिस का कहना है कि 1 लाख के ईनामी नक्सली की मौत के बाद नक्सली इस तरह की घटना को अंजाम देकर डर का माहौल बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

### दलपत सागर 21 को दो लाख दीयों से होगा

**जगदलपुर।** दलपत सागर में 21 जनवरी को दीपोत्सव का आयोजन किया जायेगा तैयारी और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में कलेक्टर विजय दयाराम के. ने समाजसेवी संस्था, सर्व समाज प्रमुखों और प्रबुद्ध नागरिकों से चर्चा की। लगभग दो लाख से अधिक दीप प्रज्वलित किया जाएगा। इसके लिए दीपों, तेल और बाती की व्यवस्था के लिए कलेक्शन सेंटर, पार्किंग व्यवस्था, ड्रेस कोड, दलपत सागर परिसर में कार्यक्रम उपरांत सफाई सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। दीपों का कलेक्शन के लिए सभी एसएलआरएम सेंटर को चिन्हाकित किया गया जहां पर नागरिक स्वेच्छा से दीप, तेल आदि दे सकते हैं। साथ ही ड्रेस कोड में पीला और ऑरेंज रंग को सभी ने सहमति दी।

# शराब दुकान बंद करने और नक्सलियों के नाम पर गिरफ्तारी रोकने कांग्रेस ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम



■ 17 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन किसान संघ ने तहसीलदार को सौंपा



सत्रह सूत्रीय मांग को लेकर किसान संघ ने सोमवार को तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। किसान संघ के अध्यक्ष मरपेल्ली किस्टैया ने हजारों समर्थकों के साथ स्व. राजेंद्र पामभोई स्टेडियम में सभा आयोजित करने पश्चात रैली निकाल तहसीलदार को मांग पत्र सौंपा। इस अवसर पर कामेश्वर गौतम, बसंत राव ताटी, अल्वा मदनैया, मिच्चा मुत्तैया, सरिता चांपा, अरूण वासम, चिन्नाबाई, सुनील उद्दे समेत अन्य मौजूद रहे।

17 सूत्रीय मांगों में किसानों को धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल 5000 रुपए एवं बोनस 500 रुपए दिया जाए, आदिवासी किसानों का पूरा धान बिना टोकन के ही क्रय किया जाये, किसानों के समस्त उत्पादों को जितना विक्रय करना चाहते हैं, उतना समर्थन मूल्य पर क्रय किया जाये, धान खरीदी केन्द्र में तौल के नाम पर किसानों से पैसे वसूलना बंद किया जाये, धान विक्रय हेतु नये बारदाने उपलब्ध कराते हुये किसानों से पुराने बारदाने लेना बंद किया जाये, सभी प्रकार के अनाज, दलहन, तिलहन, फसलों को लागत राशि से दुगुना समर्थन मूल्य पर क्रय हेतु गारंटी कानून बनाया जाये, सूखा एवं अतिवृष्टि से हुये फसलों का उचित मुआवजा प्रदान करते हुये सभी किसानों का समस्त बैंकों का कर्ज माफ किया जाये, किसानों को नक्सलियों के नाम पर गिरफ्तार कर मारपीट करते हुये प्रताड़ित कर जेल भेजना बंद किया जाये, अंग्रेजी शराब दुकानों को बंद किया जाये, मवेशियों का मुफ्त में उचित इलाज कराने हेतु प्रत्येक तीन पंचायतों के सीमा क्षेत्र में एक पशु चिकित्सालय खोला जाये, समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को सर्वसुविधा युक्त बनाया जाये, ग्रामों में उपलब्ध समस्त जल स्त्रोतों का परीक्षण कराकर नल जल के माध्यम से फिल्टर युक्त पेयजल उपलब्ध कराया जाये, समस्त ग्रामों में सर्वसुविधा युक्त प्राथमिक शालायें खोली जाये, आदिवासी समुदाय को पृथक धर्म कोड देते हुये आदिवासियों को 32 प्रतिशत आरक्षण दिया जाये, आदिवासी समुदाय के लोग प्रकृति के पुजारी हैं, हिन्दू एवं इसाई धर्म को मानने वालों को आदिवासी न माना जाये, इन्द्रावती नदी में तिमेड़ एवं भद्राकाली तथा गोदावरी नदी में तारलागुड़ा एवं चन्दूर रेत खदानों को टेंडर के माध्यम से ठेकेदारों को देना बंद किया जाये व जल जंगल जमीन हमारा है धनगोल एवं कुचनूर में कोरंडम खदान खोलना बंद किया जाये आदि शामिल है।

## पहल : खेतों में पहली बार ड्रोन से होगा खाद-बीज का छिड़काव

# कम उपयोग वाले पांच वन उत्पाद व तीन जनजातियों पर हो रहा रिसर्च : कुलपति

सुरेश रावल ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

वन संसाधन से भरपूर बस्तर में 5 वन उत्पाद ऐसे हैं जो प्रयोग में कम आते हैं। लसोड़ा, श्रीआंवला, कमरा, कुसुम और छिंद पर व्यवसायिक दृष्टिकोण से रिसर्च चल रहा है। वहीं 3 जनजातियों की बोलियां गोंडी, हल्बी और भतरी पर भी वैज्ञानिक तरीके से उनके संरक्षण और संवर्धन पर शोध प्रारंभ किया गया है। वहीं चिरौंजी, महुआ, डिलमा और तेंदू के शुरू से लेकर अंत तक की प्रक्रिया पर भी रिसर्च चल रहा है। जिससे कि इन वन उत्पादों को वैल्यू एडीशन बनाकर इसका अधिकाधिक लाभ वनवासियों को दिलाया जा सके। शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव ने हरिभूमि से विशेष चर्चा में यह बात कही।

■ उच्च शिक्षा मंत्री के निर्देश पर आदिवासी युवाओं को रोजगार से जोड़कर लाभ दिलाने पर हो रहा काम

उन्होंने कहा कि एक पौधा गुड़नार वैज्ञानिक नाम जिम्नेमा पर भी साईटो केमिकल स्टडी चल रहा है। ताकि इसके मेडिशनल वैल्यू का पता चल सके। डायबिटीज, मलेरिया और पीलिया रोग के निदान में यह उपयोगी साबित हो सकता है। छत्तीसगढ़ में बस्तर समेत कुल 3 क्लाईमेटिंग जोन है जिसमें यह पौधा पाया जाता है। कुलपति ने कहा कि बस्तर विश्वविद्यालय केवल शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं बल्कि बस्तर की वनसंपदा, जनजातियां, बोलियां, कृषि संपदा आदि के संरक्षण-संवर्धन के साथ ही इसका अधिक से अधिक लाभ स्थानीय लोगों को मिले इस पर भी काम कर रहा है। इसके लिए एमओयू की जा रही है ताकि वैज्ञानिक तरीके से किस तरह उसे अधिक जन उपयोगी बनाया जा सकता है इसका पता लग सके। छत्तीसगढ़ विवेकानंद टेक्नीकल यूनिर्वसिटी दुर्ग से रिमोट पायलेटिंग पर एमओयू होना है। जिसमें ड्रोन से खेतों में खाद और बीज का छिड़काव हो सकेगा आज से पहले कभी भी बस्तर में ड्रोन से खेतों में छिड़काव का कोई प्रयोग नहीं हुआ है। इसके लिए विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देकर योग्य बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति में 11 नए विभाग और 19 नए पाठ्यक्रम शामिल किया गया है। इसमें एक ही छत के नीचे सभी विषयों की शिक्षा दी जा सकेगी। रिसर्च हब के रूप में बस्तर विश्वविद्यालय स्थापित होगा। एक तरह से यह बहुविषयक एजुकेशन एण्ड रिसर्च यूनिर्वसिटी बन जाएगा।

### 53 कॉलेज में 22 हजार विद्यार्थी

बस्तर विश्वविद्यालय के अंतर्गत 46 शासकीय तथा 7 निजी कॉलेज संचालित हैं। जिसमें लगभग 70 हजार विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होते हैं और 22 हजार अध्ययनरत हैं, इनमें 3 हजार विद्यार्थी पीजी के हैं। कुलपति ने बताया कि बस्तर विश्वविद्यालय में 12 विभाग के अंतर्गत 13 पाठ्यक्रम चल रहे हैं और यहां 306 छात्र और 288 छात्राएं कुल 594 पढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरे 53 कॉलेज में पढ़ रहे 22 हजार विद्यार्थियों में 76 प्रतिशत ट्रायबल विद्यार्थियों की संख्या है।

**इंडोर स्टेडियम के लिए 23 एकड़ जमीन की मांग :** कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि वर्तमान में विश्वविद्यालय के पास 24 एकड़ जमीन कालीपुर में और 15 एकड़ वर्तमान विश्वविद्यालय परिसर में है। इसके अलावा इससे जुड़ी 23 एकड़ इंडोर स्टेडियम के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है। इस संबंध में जल्द ही कलेक्टर से बैठक में चर्चा होगी। यह जमीन मिलने पर नए विभाग फिजिकल एजुकेशन भी तैयार हो सकेगा। मुख्य द्वार के लिए 36 लाख मिल गए हैं और टेंडर भी हो गया है।





### फारेस्ट्री और वाइल्ड लाइफ पर वन विभाग का प्रस्ताव

कुलपति ने बताया कि वन विभाग के प्रमुख सीसीएफ से एक ऑफर आया है जिसमें फारेस्ट्री, वाईल्ड लाईफ, मैनेजमेंट और कम्प्यूटर साइंस विषयों पर शोध परख काम होगा। प्रशिक्षण देकर विद्यार्थियों को योग्य बनाकर उन्हें 20-25 हजार तक का रोजगार भी देने की व्यवस्था है। इस संबंध में आने वाले दिनों में वन मंत्री केदार कश्यप इस पर निर्णय लेंगे।

### 65 स्टाफ में केवल 6 रेगुलर

बस्तर विश्वविद्यालय जिस पर पूरे संभाग के सातों जिलों के हजारों विद्यार्थियों का भविष्य टीका है उसके सुचारू रूप से संचालन के लिए स्टाफ की व्यवस्था पर्याप्त नहीं है। 65 स्वीकृत पद के विरूद्ध मात्र 6 रेगुलर कर्मचारी पदस्थ हैं इस तरह 59 पद रिक्त हैं। काम चलाने के लिए संविदा पर लगभग 25 कर्मचारी काम कर रहे हैं। कुलपति ने कहा कि उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से हाल ही में कुलसचिव अभिषेक बाजपेई के साथ मेरी भेंट हुई, हमने बजट 4.5 करोड़ को दुगुना 10 करोड़ करने तथा नियमित कर्मचारियों की भर्ती का निवेदन किया है उन्होंने जल्द ही नियमित भर्ती का आश्वासन दिया है। इसके अलावा 100 करोड़ के अनुदान के लिए भी प्रोजेक्ट दिए गए हैं। इस राशि के मिलने से तमाम तरह के विकास कार्य के अलावा शोध आदि कार्य अच्छे से हो सकेगा।

# तलवार बाजी में हरियाणा का दबदबा



**जगदलपुर।** शहर में पहली बार तलवारबाजी प्रतियोगिता का आयोजन धरमपुरा के क्रीड़ा परिसर के इंडोर ग्राउंड में हो रहा है। दूसरे दिन हरियाणा के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। 67 वीं राष्ट्रीय तलवार बाजी बालक-बालिका 14 वर्ष मल्टीपर्पज हॉल में 14 जनवरी से प्रारंभ हुआ। सोमवार को एपी टीम चैंपियनशिप बालक-बालिका के मुकाबले खेले गए। जिसमें प्रथम सेमीफाइनल मुकाबला तेलंगाना एवं दिल्ली की टीम के मध्य खेला गया। तेलंगाना ने दिल्ली से 15-14 से जीतकर फायनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला मणिपुर एवं महाराष्ट्र के मध्य खेला गया। महाराष्ट्र ने 15-13 से जीतकर फायनल पहुंची। फायनल मुकाबला तेलंगाना एवं महाराष्ट्र के मध्य हुआ। जिसमे महाराष्ट्र ने 15-10 से जीत दर्ज कर स्वर्ण पदक जीता। रजत पदक तेलंगाना, कांस्य पदक मणिपुर एवं दिल्ली के नाम रहा। बालक एपी टीम चैंपियनशिप में फायनल मुकाबला हरियाणा एवं तेलगाना के मध्य खेला गया। जिसमें हरियाणा ने 15-10 से जीतकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। रजत पदक तेलंगाना के नाम रहा कांस्य पदक तमिलनाडु एवं बिहार के नाम रहा। सोमवार को दूसरे दिन सेबर इवेंट बालक टीम चैंपियनशिप के सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। जिसमे प्रथम सेमीफाइनल हरियाणा एवं तमिलनाडु टीम के मध्य खेला गया। हरियाणा 15-7 से जीतकर फायनल पहुंचा। दूसरा सेमीफाइनल छत्तीसगढ़ एवं जम्मू कश्मीर के मध्य खेला गया, जिसे जम्मू ने एकतरफा जीत दर्ज कर 15-01 से फायनल में प्रवेश किया। फायनल मुकाबला हरियाणा एवं जम्मू कश्मीर के मध्य खेला गया, जिसे हरियाणा ने कड़े मुकाबले में 15-11 से जम्मू कश्मीर को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। कांस्य पदक छत्तीसगढ़ एवं तमिलनाडु टीम के नाम रहा। जबकि जम्मू कश्मीर टीम को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक उज्जवल (एसजीएफआई) प्रवीण कुमार, जानसन सोलोमन, निखिल जांभुलकर, अमित तिवारी रहे।

■ 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में 18 प्रांत के सैकड़ों खिलाड़ी शामिल

# मूकबधिर बच्चों का फैशन शो 23 को, बालीवुड एक्ट्रेस होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



उड़ान फाउंडेशन और समाज कल्याण विभाग के द्वारा 23 जनवरी को ब्यूटी एजुकेशन फैशन शो व मेहंदी प्रतियोगिता, गोल्डन एचीवमेंट ब्यूटी बिजनेस अवार्ड एवं नेशनल ब्राईडल कॉम्पीटीशन, मुकबधिर बच्चों का फैशन चैरेटी शो कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बॉलीवुड एक्ट्रेस महक चहल व इंटरनेशनल मेकअप आर्टिस्ट अल्का गोविंद एवं रिशिका राठौर सेलेब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट एवं ब्यूटिशियन मॉडल इस शो में हिस्सा लेंगे। यह जानकारी नई उड़ान फाउंडेशन के निदेशक उषा शर्मा ने बस्तर जिला पत्रकार संघ कार्यालय में सोमवार को पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि अभाव से ग्रसित व्यक्तियों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने और उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में संस्था कार्य कर रही है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ब्यूटी पार्लर, सिलाई, मेहंदी एवं अन्य व्यवसाय का प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार स्थापित करने में मदद कर रही है। उन्होंने बताया महिलाओं को फ्री शिक्षा दे सकें, एक जगह रहकर आधुनिक तकनीक सीख सकें, पार्लर का प्रशिक्षण भी संस्था दे रही है। इसके पूर्व भी थर्ड जेंडर के लोगों को रोजगार दिलाने ,नौकरी दिलाने में भी मदद संस्था के द्वारा की गई थी। विभिन्न व्यवसाय से जुड़े महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें सेलिब्रिटीज के हाथों पुरस्कृत करते हैं ताकि वे प्रोत्साहित होकर अपने व्यवसाय को उत्कृष्ट और आकर्षक ढंग से चला सके। दिव्यांग बच्चों को गोद लेकर उनकी शिक्षा की व्यवस्था करते हैं। जन सेवा में मुखबधिर बच्चों का फैशन शो उनके प्रतिभा को निकालने का उद्देश्य से बीना का हेरिटेज में 23 जनवरी को आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में विधायक एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव उपस्थित रहेंगे।

■ बॉलीवुड एक्ट्रेस महक चहल व इंटरनेशनल मेकअप आर्टिस्ट अल्का गोविंद रिसिका हिस्सा लेंगे

# भूतेश्वर मंदिर में 108 बार हनुमान चालीसा का पाठ

**जगदलपुर।** मकर संक्रांति के मौके पर शहर के विभिन्न मंदिरों में धार्मिक आयोजन किया गया। प्रवीर वार्ड स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर के भूतेश्वर मंदिर में गोवर्धन मठ पूरी पीठ पीठाधीश्वर श्रीमज्ज जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्लानंद सरस्वती के आदित्य और आनंदवाहिनी बस्तर संगठन के बड़ी संख्या में मातृ शक्ति और पुरुष कार्यकर्ताओं के साथ युवक-युवती और शहर के श्रद्धालुओं ने 108 बार हनुमान चालीसा का पाठ पढ़ा गया। आदित्यवाहिनी के जिलाध्यक्ष योगेश ठाकुर और आनंदवाहिनी के जिलाध्यक्ष गीता शुक्ला ने बताया कि यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे से शुरू किया गया था समापन देर शाम को हुआ। इसके बाद श्रद्धालुओं को खिचड़ी प्रसाद खिलाया गया। मंदिर के आचार्य पुजारी रोमित राज त्रिपाठी व पंडित चंदन तिवारी ने बताया कि हनुमान चालीसा का धार्मिक आयोजन को ध्यान में रखते भगवान भूतेश्वर महाकाल का विशेष श्रृंगार किया गया। गौरतलब है कि मंदिर में यहां पर सावन में हर दिन शिव का विशेष श्रृंगार किया जाता है।



### हर वर्ष होता है विशेष पूजन

पुजारी किशोर तिवारी के मुताबिक हर वर्ष मकर संक्रांति के अवसर पर विशेष पूजन और धार्मिक अनुष्ठान किया जाता है। जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा में सम्मिलित होते है। मकर संक्रांति के दिन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 108 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। तत्पश्चात भगवान को खीर, तिल का लड्डू और खिचड़ी का भोग अर्पण कर श्रद्धालुओं को दिया गया।

## स्पर्धा में 11 विद्यालय के 457 विद्यार्थी हुए शामिल

# उमरगांव अ संकुल में हुईं बैद्धिक, शारीरिक व सांस्कृतिक स्पर्धाएं



**कोण्डागांव।** संकुल उमर गांव अ की दो दिवसीय शारीरिक,बौद्धिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता 11 जनवरी को ग्राम देवखर गांव में प्रारंभ हुई। मुख्य अतिथि मेहतू राम शोरी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल प्राचार्य किरण नाग ने की। विशिष्ट अतिथि सीमा कोर्राम सरपंच कुम्हार पारा सरपंच बन सिरसी कोसरू राम की गरिमामय उपस्थिति में प्रारंभ हुई । सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत मुख्यद्वार पर किया। माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन कर विधिवत प्रतियोगिता की शुरुआत की गई । संकुल समन्वय गिरीश गोस्वामी तुलाराम सॉरी सहदेव नेताम, हीरा सिंह, हृदय मंडावी की उपस्थिति में मुख्य अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। एवं सभी बच्चों ने राष्ट्रगान के साथ खेल संबंधी शपथ ली अतिथियों का स्वागत सभी प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला के प्रधानाध्यापक एवं संकुल समन्वयक उमरगांव अ द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। स्वागत प्रतिवेदन संकुल समन्वयक गिरीश गोस्वामी ने प्रस्तुत किया। मार्च पास्ट में सभी 11 विद्यालय के 457 बच्चों में भाग लिया। जिसकी अगवानी प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर की प्रधान अध्यापक मधु तिवारी द्वारा की गई । अतिथियों ने बच्चों को शपथ दिलाई ।

### गिरोला में जोन स्तरीय शालेय बाल क्रीडा प्रतियोगिता का हुआ समापन

**कोण्डागांव।** सोमवार को प्राथमिक ,माध्यमिक एवं हायर सेकेण्डरी स्तर के छात्र–छात्रओं का तीन दिवसीय शारीरिक बौद्धिक एवं सांस्कृतिक क्रीडा प्रतियोगिता का गिरोला में भव्य समापन हुआ। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिलीप दीवान विशेष आतित्थ श्रीमती सुशीला पांडे जनपद सदस्य कोण्डागांव, कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती धन्नो मंडावी सरपंच गिरोला विशिष्ट अतिथि जयंती नेताम सरपंच सातगांव, रघुराज दीवान ग्राम पटेल गिरोला सोनसाय नेताम ,अतुसा दीवान, भोलाराम नेताम, रैमल दीवान, सकलु राम नेताम युक्ति कोर्राम,सुमन नेताम,विजया पाण्डे नेगी पांडे,डिलेश्वर दीवान जयराम नेताम, अक्तु राम पांडे ,बालकृष्ण सेठिया, अशोक शार्दुल ,अम्बुलाल पाण्डे,,दीलाशा पाण्डे एवं किशन दीवान के साथ गणमान्य अतिथियों के हाथों विजेता, उपविजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित कर किया गया । जीवन में शिक्षक की महत्ता और योगदान पर चर्चा – ग्राम पटेल रघुराज दीवान ने जीवन में शिक्षक की महत्ता और योगदान पर चर्चा कर सभी शिक्षकों के सम्मान में भेंट प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि दीलिप दीवान ने जीवन में खेलों के महत्व और मोबाइल से बच्चों को दूर रखने पर बल देते हुए बात रखी।


## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9424293029, 9131893124

# छोटे देश की जितनी जनसंख्या उतनी भारत में हरसाल हादसे में मौत : सैनी

## 34वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ, पांच वर्ष में हादसे में कमी के बावजूद मौत का बढ़े आंकड़ा : आईजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

छोटे छोटे देश की आबादी डेढ़ दो लाख है उतनी मौत प्रतिवर्ष भारत में सड़क हादसों में होती है। पिछले वर्ष ही डेढ़ लाख से अधिक लोगों को सड़क दुर्घटना में मौत हो चुकी है। दुर्घटना में कमी लाने सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों का पालन सच्चे मन से करें। यह कहना था पद्मश्री धर्मपाल सैनी का जो उन्होंने सोमवार को यातायात दफ्तर परिसर में आयोजित 34 वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के शुभारम्भ अवसर पर कही। इससे पूर्व दीप प्रज्वलितकर यातायात सुरक्षा माह का विधिवत शुरूआत की गई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने कहा कि पिछले पाचं वर्ष में सड़क हादसे में कमी आई लेकिन मौत का आकड़ें में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष थ्री ई के फार्मूले को लागू कर सड़क हादसों में कमी लाने प्रयास रहेगा।

आईजी ने कहा कि आज से एक माह 15 फरवरी तक सड़क सुरक्षा जागरूकता संबंधित विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए जाएगें। बस्तर संभाग में सड़क सुरक्षा के संबंध में लगातार आयोजित की जा रही जागरूकता अभियान के चलते वर्ष 2019 की तुलना में वर्ष 2023 में सड़क दुर्घटनाओं में 12 प्रतिशत तथा दुर्घटना में घायल होने वाले व्यक्तियों के आकड़ा में 32 प्रतिशत की कमी आई। बावजूद दूसरी ओर सड़क दुर्घटनाओं में से हो रही जनहानि में प्रतिवर्ष वृद्धि होती जा रही है। वर्ष 2019 में संभाग के सातों जिलों में कुल1631 सड़क दुर्घटनाओं में 675 व्यक्तियों की मृत्यु हुई तथा 1899 व्यक्ति घायल हुए वहीं वर्ष 2023 में कुल 1445 सड़क दुर्घटनाओं में 867 व्यक्तियों की मृत्यु तथा 1294 व्यक्ति घायल हुए। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में सड़क सुरक्षा व दुर्घटनाओं में कमी लाने 3 ई फॉमूला एजुकेशन, इंजीनियरिंग व इनफोर्समेंट लागू कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने प्रयास किया जाएगा। आयोजन में नगर निगम नेता प्रतिपक्ष संजय पाण्डे, कलेक्टर दयाराम के एसपी शशिमोहन सिंह, एएसपी महेश्वर नाग, डीएसपी ट्रेफिक संतोष जैन, चेबंर अध्यक्ष मनीष शर्मा, योगेन्द्र पाण्डे, सुरेश गुप्ता व अन्य मौजूद थे।

### विश्व में हादसों में मौत का 11 प्रतिशत भारत में

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हम सबका प्रयास यह होना चाहिए की हम यातायात नियमों का पालन करें। पूरे दुनिया में हादसों के कारण दुनिया में होने वाली दुर्घटनाओं में 11 प्रतिशत दुर्घटना भारत में होती है। इसका मुख्य कारण यातायात नियमों का पालन नहीं करना है। लाखों लोगों की जान बचाई जा सकती है और विकलांग होने से बचाया जा सकता है।

**निकाली यातायात जागरूकता रैली :** अतिथियों द्वारा यातायात जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यातायात डीएसपी व यातायात निरीक्षक अभिजीत सिंह भदौरिया द्वारा रैली की अगुवाई की गई। स्कूली बच्चों के अलावा पुलिस व यातायात अमले के जवान हाथों में तखतियां लेकर रैली में चल रहे थे। जो यातायात दफ्तर से शुरू होकर मेन रोड, हाईस्कूल रोड, अस्पताल मार्ग, चांदनी चौक होते हुए वापस यातायात दफ्तर में समाप्त हुआ। इस दौरान लोगों को जागरूक करने यातायात नियमों का पालन करने अपील की जा रही थी।





**दुर्घटनाओं में कमी लाना पूरे समाज का दायित्व :** कलेक्टर ने कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए पहले दिन फिर सप्ताह और अब महिना का आयोजन करते है। पूर्व में इसकी जरूरत नहीं होती थी लेकिन आज के दिन में गाड़ियों की बढ़ती तादात व यातायात नियमों की अनदेखी के चलते प्रत्येक दिन हजारों लोग अपनी जान गंवा रहे है। हमारी जान जाना समाज व देश के लिए तो नुकसानदायक है वहीं इससे मारे गए शख्स का उसके परिवार व देश के प्रति योगदान समाप्त हो जाता है।

**जनजागरूकता के लिए होगा प्रयास :** एसपी ने कहा सबकी सहभागिता से यह प्रयास बस्तर पुलिस करेगी की लोगों की बीच में जानजागरूकता लाकर यातायात के इस दुर्गम समस्या का समाधान किया जाए। ताकि लोगों को राहत मिल सके। कानूनी प्रावधान व जागरूकता से यह कोशिस करेगें की यह माह सार्थक हो और लोगों के बीच यह सदेंश जाए और ऐसा वातावरण निर्मित हो जिससे इस जिले के अपनी भूमिका का निर्वहन करते हुए एक बेहतर माहौल बना सके।

## खबर संक्षेप

### गौरगांव पंचायत का सचिव निलंबित

**कोण्डागांव।** केशकाल जनपद पंचायत के गौरगांव ग्राम पंचायत के सचिव अगनू राम राणा को निलंबित कर दिया गया। ग्राम पंचायत सचिव का निलंम्बन 11 अक्टूबर 2020 से लगातार बिना पूर्व सूचना या अवकाश स्वी—ति के अनाधि—त रुप से अनुपस्थित रहने के कारण किया गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा द्वारा निलंबन की यह कार्यवाही छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा अनुशासन तथा अपील नियम 1999 के नियम 4 के तहत की गई। निलंबन अवधि में अगनूराम राणा, सचिव ग्राम पंचायत गौरगांव का मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत केशकाल, में निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### रास सांसद फूलोदेवी ने बांटीं कंबल व मिठाइयां

**कोण्डागांव।** कोंडागांव क्षेत्र के ग्राम शामपुर में राज्यसभा सांसद श्रीमती फूलो देवी नेताम के जन्मदिन के अवसर पर महिला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीमती सुकली पोयाम जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रमिला ब्रम्हा मरकाम एवम सभापति जनपद पंचायत मकडी श्रीमती पिंकी गजेंद्र राठौर के नेतृत्व में ग्रामीणों के साथ एवम बच्चों के द्वारा केक कटवाकर मिठाईयां बाटे गए। जरूरतमंद को कंबल बांट कर श्रीमती फूलो देवी नेताम का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया गया। जिसमें सभी ग्रामीण वासियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा श्रीमती फूलों देवी नेताम का उज्जवल भविष्य एवम् दीर्घायु होने की ईश्वर से कामन कर खुशी जाहिर की । इस मौके परउपस्थित लक्ष्मण मरकाम दीपक नेताम पारेश्वर ठाकुर निरंजन वैष्णव वीरेंद्र पटेल भगत पटेल जागेश्वर मरकाम ज्योतिष मरकाम श्रीमती पार्वती मरकाम श्रीमती राजेश्वरी मरकाम आदि सैकडो ग्रामीण एवम् बच्चे उपस्थिति रहे।

### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ

**नारायणपुर।** एसपी पुष्कर शर्मा द्वारा यातायात जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। लोगो को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु स्कूली बच्चों द्वारा शहर के मुख्य मार्गो में बैनर पोस्टर के साथ रैली निकला गया। यातायात शाखा में पदस्थ कर्मचारियों द्वारा तैयार किया गया यातायात जागरूकता संबंधी वीडियो गाना को यूट्यूब पर रिलीज किया गया।

### मकर संक्रांति पर रासेयो ने चलाया स्वच्छता अभियान

**कोण्डागांव।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोण्डागाँव के राष्ट्रीय सेवा योजना अध्ययन इकाई के द्वारा 14 जनवरी दिन रविवार को मकर संक्राति के अवसर पर प्राचार्य एनके नायक तथा कार्यक्रम अधिकारी हरिशंकर नेताम के नेतृत्व में सभी स्वंय सेवको के द्वारा स्कूल परिसर एवं प्रागंण के आस—पास सफाई अभियान चलाया गया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में महापौर, कलेक्टर और पार्षदगण सहित जनप्रतिनिधि हुए शामिल

# समाज के सभी वर्गों को योजनाओं से लाभान्वित करने हो रही सार्थक पहल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत नगर पालिक निगम जगदलपुर में तीसरे दिन रेलवे मैदान एवं पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित किया गया। संकल्प शिविर के तीसरे दिवस महापौर सफीरा साहू, निगम अध्यक्ष कविता साहू, कलेक्टर विजय दयाराम के. सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और नगर निगम आयुक्त हरेश मण्डावी तथा जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उत्साह के साथ शामिल हुए। इस अवसर पर महापौर सफीरा साहू ने सम्बोधित करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित करने हम सब मिलकर प्रयास करें। पात्र जरूरतमन्द लोगों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही उन्हें लाभान्वित किये जाने सहभागिता निभाएं। शिविर के माध्यम से हजारों की संख्या में शहर की नागरिकों ने शासन की योजनाओं का लाभ लिया। विकसित संकल्प यात्रा शिविर का सार्थक परिणाम मिला।

इस दौरान नगर निगम के अध्यक्ष कविता साहू ने कहा कि समाज के सभी लोगों को विकास से जोड़ना है, इसी मंशानुरूप समाज के सभी वर्गों को भारत सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाया जा रहा है। उन्होंने संकल्प शिविरों में अधिक से अधिक लोगों को उपस्थित होकर सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने आग्रह किया।

कलेक्टर विजय ने कहा कि केंद्र शासन की जनहितकारी योजनाओं का लाभ जनमानस को मिले। इसी उद्देश्य से नगर निगम क्षेत्र में तीन दिवसीय विकसित संकल्प यात्रा का शिविर लगाया गया था। विकसित संकल्प यात्रा शिविर के माध्यम से शहर के हजारों की संख्या में लोगों ने इसका लाभ उठाया। नागरिकों के आवेदन पर तत्काल कार्रवाई किया गया। 16 दिसंबर से जिले के प्रत्येक पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया। अब तक 300 से अधिक पंचायतों में आयोजन कर 2 लाख 70 हजार से अधिक लोगों को लाभ दिया गया है। शिविरों में अधिक आवेदन आधार अपडेशन, आवास योजना, उज्वला योजना में बहुत आया है जनता की मांग पर पुनः आधार अपडेटशन शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रधानमंत्री के मंशानुसार जनकल्याण योजनाओं का प्रत्येक घर व्यक्ति तक पहुंचाने हेतु गांव और नगरीय क्षेत्रों में शिविर आयोजित किया गया इसका लाभ सभी लें। इस मौके पर कलेक्टर ने सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों तथा नागरिकों को विकसित भारत बनाने की शपथ दिलाई।

### रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

संकल्प शिविर में स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। वहीं विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को उपयोगिता प्रमाण पत्र का वितरण किया गया व प्रधानमंत्री उज्वला योजना के हितग्राहियों को गैस कनेक्शन, आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया। साथ ही महापौर और अन्य महिला जनप्रतिनिधियों द्वारा गर्भवती महिलाओं का गोद भराई रस्म अदा की गई।

आयुक्त नगर निगम हरेश ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में तीन दिवस में पांच शिविरों का आयोजन किया गया। हर शिविर में औसत 2500-2800 की नागरिकों की उपस्थिति रही। शिविर में आधार अपडेशन, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना का ज्यादा लोगों ने लाभ लिया।

# छिंदलीबेड़ा और बंजोड़ा में हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा



**फरसगाँव।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शासन की योजनाओं के प्रचार हेतु एलईडी वैन सोमवार को कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में फरसगांव विकासखंड के छिंदलीबेड़ा एवं बंजोडा में एलईडी वैन पहुंची और केन्द्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी देने हेतु इन स्थानों पर विकसित भारत संकल्प शिविरों का आयोजन किया गया। इस शिविर में जनपद सदस्य वीरेंद्र बघेल, श्रीमती फुलेश्वर मरकाम, सरपंच श्रीमती सनबती मंडावी, उपसरपंच श्रीमती सुमित्रा प्रधान, तहसीलदार देवांगन धनोरा ,नोडल अधिकारी चेतन चौहान सहित ग्रामीणजन उपस्तिथ रहे ।

इन संकल्प शिविरों में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और पंचायत पदाधिकारियों के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को विकसित भारत बनाने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में राजस्व, खाद्य, कृषि, स्वास्थ्य, पशुधन विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सहकारी बैंक के द्वारा स्टॉल लगाकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया। संकल्प यात्रा कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी गई साथ ही एलईडी वैन के माध्यम से शासन की योजनाओं संबंधित जानकारी तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत संकल्प सन्देश को ग्रामीणों ने ध्यानपूर्वक सुना।

इस मौके पर संकल्प शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने हेतु स्टॉल भी लगाया गया। जिसमें कृषि के साथ ही पशुपालन, मत्स्यपालन, उद्यानिकी हेतु किसान क्रेडिट कार्ड बनाने का कार्य किया गया। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में आयुष्मान कार्ड प्रदाय, प्रधानमन्त्री उज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने के लिए पात्र व्यक्तियों से आवेदन पत्र भरवाया गया।

# ग्राम पंचायत स्तर पर तम्बाकू नियंत्रण नीतियों को करें लागूः कमलेश

**कोण्डागांव।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके सिंह एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक भावना महलवार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत पंचायत सचिवों एवं मंडल संयोजयकों के लिए एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सभा कक्ष में किया गया। इस प्रशिक्षण में तम्बाकू नियत्रण कार्यक्रम की जिला नोडल अधिकारी डॉ. ज्योति दुग्गा द्वारा तम्बाकू के हानिकारक प्रभावों सहित जिले में तम्बाकू नियत्रंण कार्यक्रम के अंतर्गत की जा रही गतिविधियों के सम्बंध में अवगत कराया गया।



तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के प्रभारी सोशल वर्कर वीरेंद्र केला द्वारा तम्बाकू नशामुक्ति केंद्र की सेवाओं के बारे में बताया गया। इस प्रशिक्षण में ब्लूमबर्ग परियोजना के सम्भागीय सलाहकार प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा राष्ट्रीय तम्बाकु नियंत्रण कार्यक्रम, कोटपा एक्ट 2003, कोटपा छग संशोधन अधिनियम 2021, टोबैको मोनिटरिंग एप्प एवं धूम्रपान मुक्त नितियों से सम्बंधित विस्तृत चर्चा की गई। प्रशिक्षण में तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. कमलेश जैन भी ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर ग्राम स्तर पर तम्बाकू नियंत्रण नीतियों को कड़ाई से लागू करने के संबंध से सुझाव दिए। आगामी समय में ग्राम पंचायतों को तम्बाकू मुक्त करने की अपील की।

## एसडीएम ने अवैध धान से भरे ट्रक को किया जब्त



**कोण्डागांव।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्यक्रम का लाभ वास्तविक किसानों को मिलना सुनिश्चित करने के लिए कोंडागांव जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। इसके लिए कलेक्टर कुणाल दुदावत के नेतृत्व में धान के अवैध परिवहन पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इसी कड़ी में आज कोंडागांव जिले में धान का अवैध परिवहन करते हुए दो वाहनों को पकड़ा गया। धान के अवैध परिवहन को रोकने की कार्रवाई में माकड़ी के तहसीलदार मनोज रावटे द्वारा 24 क्विंटल धान से भरी एक पिकअप को सुबह माकड़ी तहसील के हीरापुर सिवनी मुख्यमार्ग में पकड़ा गया।

**आधी रात कोण्डागांव एसडीएम ने की छापामारी :** कोंडागांव अनुविभागीय दण्डाधिकारी निकिता मरकाम द्वारा देर रात को 170 क्विंटल धान से भरे एक ट्रक को डोंगरीगुड़ा–उमरकोट मुख्यमार्ग में पकड़ा गया। इस मामले में 60 कट्टे में भरे 24 क्विंटल धान के साथ पिकअप क्रमांक सीजी 17 केके 1742 को अनंतपुर थाना और 400 कट्टे में भरे 170 क्विंटल धान सहित ट्रक क्रमांक सीजी 27 जी 0130 को कोंडागांव थाना के सुपुर्द किया गया है।

# समन्वयक संघ की मांगों पर गंभीरता से होगा विचार : बृजमोहन अग्रवाल

**कोण्डागांव।** बस्तर संभाग कोण्डागांव छग प्रदेश संकुल शैक्षिक समन्वयक शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष पूर्णानंद मिश्रा, उपाध्यक्ष रामचंद्र सोनवंशी,महासचिव मोहन लहरी के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने बसना विधायक डॉ संपत अग्रवाल के संरक्षण में स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से निज निवास मौलश्री विहार रायपुर में उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर शिक्षा मंत्रलय की जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री ने समन्वयकों को मिठाई खिलाकर उत्साहवर्धन किया। मंत्री के इस सहजता से समन्वयकों का प्रतिनिधिमंडल उत्साहित नजर आया। साथ ही प्रतिनिधिमंडल ने संकुल समन्वयकों के शिक्षा के प्रति कर्तव्यनिष्ठता और बच्चों के सवांगीण विकास के लिए सम्पर्ण से शिक्षा मंत्री को अवगत कराया। संगठन ने अपनी मांगों में प्रमुखता से गैर शिक्षकीय कार्यो से मुक्ति सहित मूल शाला में तीन कालखंड अध्यापन की अनिवार्यता को प्रमुखता से रखा और कहा कि संकुल समन्वयकों के अकादमिक समर्थक का मूल उद्देश्य इससे प्राप्त नहीं हो पा रहा है। संगठन के मांग पत्र पर हुए चर्चा में शिक्षा मंत्री ने कहा कि संकुल समन्वयकों की मांगों पर विचार कर जल्द आदेश जारी किया जाएगा। छ. ग. प्रदेश संकुल शैक्षिक समन्वयक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री के साथ साथ पुरन्दर मिश्रा विधायक – नगर उत्तर रायपुर से जगन्नाथ मंदिर शंकर नगर कार्यालय में भेंट कर ज्ञापन सौंपा। छग प्रदेश संकुल शैक्षिक समन्वयक शिक्षक संघ के अध्यक्ष पूर्णानंद मिश्रा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा संचालक लोक शिक्षण संचालनालय, मंत्रलय रायपुर, संजीव कुमार झा, प्रबंध संचालक समग्र शिक्षा ,पेंशन बाड़ा रायपुर, डॉक्टर एम सुधीश सहायक संचालक समग्र शिक्षा पेंशन बाड़ा रायपुर से भेंट कर समन्वयको की समस्याओं से अवगत कराया।



# विजेता गारे को विधायक उसेंडी ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

विकासखंड माकड़ी अंतर्गत देवगांव नयापारा में संभाग स्तरीय प्रो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें पूरे बस्तर संभाग से 30 कबड्डी दल शामिल हुए। 11 जनवरी से प्रारंभ हुए प्रो कबड्डी प्रतियोगिता का 13 जनवरी को कोण्डागांव विधायक व भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी की मुख्य आतिथ्य में समापन किया गया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक लता उसेंडी ने विजेता दल वीएस गारे को 15 हजार रुपए को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उपविजेता दल देवगांव को नकद 8 हजार रुपए, तृतीय स्थान प्राप्त यंग स्टार बेलगांव को नकद 4 हजार रुपए एवं देउरबाल को चतुर्थ स्थान प्राप्त करने पर दो हजार रुपए का नकद सम्मान पुरस्कार दिया गया।



**दियारी पर्व पर संभाग स्तरीय प्रो कबड्डी प्रतियोगिता :** विकासखंड माकड़ी के देवगांव नयापारा में दियारी पर्व के उपलक्ष में तीन दिवसीय संभाग स्तरीय प्रो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 11 से 13 जनवरी तक चले संभाग स्तरीय प्रो कबड्डी प्रतियोगिता में संभाग भर के 30 कबड्डी दल ने भाग लिया । प्रतियोगिता के तहत बीएस गारे ने देवगांव को हराकर विजेता खिताब पर कब्जा जमाया। विजेता दल समेत उप विजेता और तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त दल को विधायक लता उसेंडी ने नकद पुरस्कार से सम्मानित किया।

**खेलों से जीवन में आता है अनुशासनः लता**

इस अवसर पर विधायक लता उसेंडी ने कहा कि हार जीत तो सदैव लगी रहती है,। विजेता कोई एक ही बन पाता है। खिलाड़ियों को सदैव खेल भावना के साथ ही खेल खेलना चाहिए। खेल से जीवन में भी अनुशासन आता हैं।

**ये रहे मौजूदः** समापन कार्यक्रम में विधायक लता उसेंडी के साथ अनिल अग्रवाल, सरपंच सुरज नेताम, दयाल राम नेताम, सरपंच देवगांव ध्रुवा राम मांडवी, दलीचंद बघेल, सिरधर मंडावी, मंगलराम बघेल, रामनाथ नाग, लैखन नाग, सुखराम पोयाम, जयराम नाग, निर्मल बघेल, हीरासिह मंडावी, बिरसिंह मंडावी, मुन्ना राम पोयाम, इंद्र नाग समते अन्य उपस्थित रहे।

## दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश में 5 दिनों तक कैम्प कर कोण्डागांव पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार

# सवा करोड़ की ठगी के चार आरोपी गिरफ्तार, 51 लाख की सामग्री जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

गेंदसिंह नेताम निवासी माकड़ी थाना माकड़ी जिला कोण्डागांव ने 14 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज कराया कि अज्ञात आरोपियो द्वारा ईनाम एंव लॉटरी का पैसा दिलाने का लालच देकर प्रार्थी से 1 करोड़ 25 लाख रूपये की राशि धोखा देकर अपने बैंक खाता में जमा करवाया है। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना माकड़ी में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



बनायी गयी विशेष टीम – मामले की गंभीाता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार द्वारा तत्काल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव दौलत राम पोर्ते के मार्गदर्शन एंव उप पुलिस अधीक्षक सायबर सेल सतीश कुमार भार्गव के नेतृत्व में सायबर सेल कोण्डागांव एंव थाना माकड़ी की सयुक्त टीम गठित कर प्रकरण से संबंधित समस्त साक्ष्य संग्रहित एंव बैंक खातों की जानकारी एकत्रित करने निर्देशित किया गया।

साक्ष्य संग्रहण एंव प्रकरण से संबंधित की दस्तावेज उपलब्ध हो जाने के उपरांत प्रार्थी गैंदलाल नेताम के साथ ठगी की आरोपी दिल्ली एंव गाजियाबाद उत्तर प्रदेश के होना पाये जाने से उप पुलिस अधीक्षक सायबर सेल सतीश भार्गव के नेतृत्व में आरोपियों की पतासाजी एंव गिरप्तारी के लिए गठित 13 सदस्य संयुक्त टीम को दिल्ली एंव गाजियाबाद उत्तर प्रदेश के लिये रवाना किया गया।

पुलिस ने पांच दिन तक की रैकी, फिर धरदबोचा साईवर ठगों को – टीम के सदस्यों द्वारा आरोपियों की गिरप्तारी के लिये दिल्ली एंव गाजियाबाद उत्तर प्रदेश में कैम्प कर आरोपियो की उनके रहने के संभावित ठिकानों पर लगातार 5 दिनों तक नियमित रूप से रेकी की गई। आरोपियों के तस्दीक उपरांत वहां के स्थानीय पुलिस की मदद से उनके ठिकानो की घेराबंदी कर एक साथ दबीश देकर आरोपियो को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किये। अपराध में सलिप्त होने से सभी आरोपियो को विधिवित गिरप्तार कर उनके कब्जे से जुमला रकम 51 लाख 20 हजार की सम्पत्ति जप्त की गई।

सभी आरोपी यूपी दिल्ली के – सौरव वर्मा पिता महेंदर वर्मा उम्र 32 वर्ष जाति सोनार पता राज अपार्टमेंट प्रथम तल डीएलएफ अंकुर विहार तह, लोनी थाना अंकुर विहार जिला गाजियाबाद उप्र। नेहा वर्मा पति सौरव वर्मा पिता महेंदर वर्मा उम्र 32 जाति सोनार राज अपार्टमेंट प्रथम तल डीएलएफ अंकुर विहार तह, लोनी थाना अंकुर विहार जिला गाजियाबाद उप्र,गिरिश बाबू पिता स्व, रामप्रकाश उम्र 58 वर्ष जाति सोनार राम पार्क द्धिध बाबा मंदिर के पास ट्रोनिका सिटी जिला गाजियाबाद उप्र। मानवेंद्र वर्मा पिता गिरिश बाबू उम्र 22 वर्ष जाति सानार राम पार्क द्धिध बाबा मंदिर के पास ट्रोनिका सिटी जिला गाजियाबाद उप्र।

## खेल तनाव को दूर करने का बेहतर माध्यम

# खेल स्वस्थ तो बनाता ही है, कैरियर बनाने का भी एक बेहतर विकल्प : लखेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड





बस्तर विधानसभा अंतर्गत विकास खण्ड बस्तर के ग्राम पंचायत घाटलोहंगा में ग्राम सरपंच डमरूधर बघेल के नेतृत्व में माता बहनें एवं नन्हें बच्चों के द्वारा पंचायत भवन परिसर में बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल के आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया।

स्व. खेमेश्वर बघेल के स्मृति में 16 दिनों का क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम घाटलोहंगा में रखा गया था। आज फाइनल मैच में शिरकत करते हुए बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा खेल आपको स्वस्थ तो बनाता ही है, साथ ही करियर बनाने का भी एक बेहतर विकल्प है। फाइनल मैच काफी रोमांचक रहा, बकावंड ने करंजी को विशाल स्कोर दिया था। जिसमें करंजी के धाकड़ बल्लेबाजों ने मैच में जबरदस्त खेल का प्रदर्शन करते हुए ट्राफी अपने नाम कर लिया।

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा खेल हमारे जीवन का आवश्यक हिस्सा है। स्वस्थ शरीर और दिमाग को विकसित करने के लिए खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेल कई प्रकार के होते हैं, जो हमारे शारीरिक के साथ मानसिक विकास में मदद करते हैं। लगातार पढ़ाई के दौरान कई बार तनाव की स्थिति होती है, ऐसे में खेल इस तनाव को दूर करने का बेहतर माध्यम है। हमारे देश में खेलों को उतनी प्राथमिकता नहीं मिलती, जितनी शिक्षा को दी जाती है। जिस तरह दिमाग के सही विकास के लिए शिक्षा जरूरी है, उसी तरह शारीरिक विकास के लिए खेल महत्वपूर्ण हैं।

शिक्षा के माध्यम से हम टीम भावना नहीं सीख सकते, लेकिन खेल से यह संभव है। इस दौरान धरमसिंह गोयल, डमरूधर बघेल, तुलाराम सेठिया, बुदरूराम बघेल, मजहर खान, नीलम कश्यप, राजेश कुमार, तुलसीराम ठाकुर, मनाराम, मुन्नालाल यादव, हरदास बघेल, त्रिलोचन, अलदेव, फूलसिंह, गदाधर, मंगतूराम, तोमेश, कौशल, कृष्ण तिवारी, रामधर, भूलकु, थबीर, मनु, ओमसिंह, संतु एवं समस्त कार्यकर्तागण व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# सहकारी समितियों में हजारों क्विंटल धान जाम

## उठाव के अभाव में जंगली जानवरों से बचाने रतजगा कर रहे कर्मचारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

बस्तर विकासखण्ड के धान खरीदी केंद्रों से धान का उठाव नहीं होने के कारण सहकारी समितियां काफी परेशान हैं। एक तरफ जहां हजारों क्विंटल धान की आवक खरीदी केंद्रों में हुई है, वहीं 10 प्रतिशत धान का उठाव भी नही हो पाया है। बस्तर विकास खण्ड के धान खरीदी केन्द्र लामकेर, उपार्जन केन्द्र नदीसागर एवं मधोता में धान का उठाव नही होने के कारण सहकारी समितियों को रत जगा करना पड़ रहा है। मधोता धान खरीदी केन्द्र जो कि जंगल के समीप होने के कारण जंगली जानवरों के द्वारा भी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। लेम्प्स कर्मचारी देर रात तक जंगली सुअर सहित जानवरों को भगाते देखे जा सकते हैं। लामकेर खरीदी केंद्र में 16550 क्विंटल खरीदी की गई है, जबकि उठाव मात्र 600 क्विंटल ही हो पाया है। इसी तरह नदी सागर खरीदी केंद्र में मोटा धान 15716 क्विंटल खरीदी की गई है और मात्र 1600 क्विंटल धान का उठाव हुआ है।

■ 60 प्रतिशत से अधिक लिंकिंग के तहत की गई वसूली

मधोता खरीदी केन्द्र में धान 25180 क्विंटल से अधिक की खरीदी की गई है। जबकि धान का उठाव 1020 क्विंटल ही हो पाया है। धान खरीदी से 60 प्रतिशत की राशि बैंक लिंकिंग के माध्यम से वसूली भी की गई है। सहकारी समिति के प्रबंधकों ने मांग की है कि धान का उठाव जल्द से जल्द किया जाए, ताकि परेशानियों का सामना ना करना पड़े।

## खबर संक्षेप

### वार्षिक उत्सव में हुए विविध कार्यक्रम



**लोहंडीगुड़ा।** विकासखंड लोंहंडीगुड़ा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोठियागुड़ा के नव निर्मित खेल मैदान का सरपंच, पटेल व ग्राम प्रमुखों के द्वारा उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात 11 से 13 जनवरी तक तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव एवं खेलकूद शारीरिक, बौद्धिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों बालक, बालिकाओं का अलग-अलग कबडडी, वॉलीबॉल, खो-खो टीम बनाकर प्रतियोगिता करवाया गया। साथ ही गोला, भाला तथा तवा फेंक, दौड़ आदि प्रतियोगिता हुए। अंतिम दिवस सांस्कृतिक प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने एकल, युगल, सामूहिक नृत्य तथा भाषण प्रस्तुत किए। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। विद्यार्थियों में चरम उत्साह परिलक्षित हुआ। यह प्रथम अवसर होने के कारण विद्यार्थी बहुत ही प्रफुल्लित थे।

### कलेक्टर ने किया रेलवे अंडर ब्रिज का निरीक्षण



**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी आज रेलवे अंडर ब्रिज का निरीक्षण करके अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यातायात सुलभता के दृष्टिकोण से वर्तमान के वन वे अंडर ब्रिज को टू वे अंडर ब्रिज में बदलने हेतु शीघ्रता से कार्य करें। साथ ही सड़क चौड़ीकरण के लिए अविलम्ब निविदा आमंत्रित किया जाए। इसके अलावा उन्होंने रेलवे के अधिकारियों से ओव्हर फ्लाई ब्रिज निर्माण के संबंध में चर्चा करते हुए निर्माण में तेजी लाने को कहा।

# हरियाणा का उज्ज्वल राष्ट्रीय फेंसिंग में सिल्वर मेडल विजेता

अनिल सामन्त ▶▶| जगदलपुर



अलग खबर

शहर के धरमपुरा स्थित क्रीड़ा परिसर के इंडोर स्टेडियम में पहली बार राष्ट्रीय स्तर का चार दिवसीय फेंसिंग खेल स्पर्धा आयोजित किया जा रहा है। जिसमें देश के 15 से अधिक राज्य के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे है। अलग-अलग आयु वर्ग के स्पर्धा में अंडर 14 आयु वर्ग बालक-बालिका राष्ट्रीय स्तर के इस स्पर्धा में हरियाणा के उज्ज्वल बालक वर्ग में अंडर 14 में जगदलपुर के पहले गुजरात के मेहसाणा में आयोजित स्पर्धा में सिल्वर मेडल विजेता है। पहली बार बस्तर पहुंचे उज्ज्वल ने बताया वे सब्रीमेट इवेंट खेलते है। उन्होंने बताया मेरा सपना भारत के लिए ओलंपिक में गोल्ड जितना है। यहां वे पहला राउंड मणिपुर के साथ खेलते 5-1 से जीत हासिल किये। दूसरे राउंड में उज्ज्वल गुजरात को हराकर सेमीफाइनल पहुंच चुके है। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला तमिलनाडु के खिलाड़ी से होगा। उज्ज्वल को भरोसा है वह फाइनल में निश्चित गोल्ड जीतेगा।

उज्ज्वल को बस्तर की आबो-हवा काफी पसंद आयी। उसने बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं को खेलो इंडिया के लिए उत्साहित किया। छोटे-छोटे जूनियर खिलाड़ी अपने-अपने इवेंट में कुछ कर गुजरने के उद्देश्य को लेकर विभिन्न स्पर्धा में पार्टिसिपेट कर रहे है। उज्ज्वल को शुरू से फेंसिंग स्पर्धा में रुचि रही। इसलिए वह इस विधा को 7 वर्ष से ही प्रैक्टिस में जुट गए थे, यही कारण है,कि वे आज अंडर 14 के सिल्वर विजेता है। माता-पिता का भरपूर समर्थन मिलने और कोच अमित कुमार के मार्गदर्शन में इस मुकाम तक पहुंचे है।

### बस्तर के बारे में जानकारी नहीं थी

उज्ज्वल ने बताया पहले कभी बस्तर और जगदलपुर के बारे में नही सुना था। यहां आने के बाद पता चला कि अमेरिका के नियाग्रा वाटर फाल जैसे बस्तर के चित्रकोट में मिनी नियाग्रा वाटर फाल है। खेल के बाद अवसर मिलने पर उसने चित्रकोट जलप्रपात देखने की इच्छा जाहिर की। बस्तर में अनेक चर्चित पर्यटन स्थल है। जिसमें विश्व प्रसिद्ध कोटमसर गुफा, तीरथगढ़ वाटरफॉल के अलावा अन्य पर्यटन स्थल है।

## एकल अभियान के तन, मन में बसे हैं राम : सुरेश

**जगदलपुर।** लगभग 550 वर्षों बाद श्रीरामचन्द्र 22 जनवरी को सीता माता, भाई लक्ष्मण तथा भक्त हनुमान के साथ अयोध्या धाम के मंदिर में विराजमान होंगे। इस प्राण प्रतिष्ठा का पूरा विश्व इंतजार कर रहा है। एकल के तन, मन में भी श्रीराम बसे है। इस प्राण प्रतिष्ठा को लेकर एकल भी उत्साहित है। एकल अभियान दंडकारण्य के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश दलाई ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि एकल प्रारंभ से ही श्रीराम को आराध्य मानता आ रहा है, जिसके अभिवादन से लेकर शुभरात्रि तक में श्रीराम, हनुमान ही समाहित हैं। आज एकल अभियान संस्कार शिक्षा के तहत सम्पूर्ण भारत में एक अभियान चला रहा है। दण्डकारण्य को केन्द्रीय नेतृत्व के माध्यम से प्राप्त एकल रथ जो वर्तमान में कांकेर जिला के दुर्गकोंदल में संचालित है, जिसमें रथ आयोजन प्रमुख तथा रथ सारथी के द्वारा प्रत्येक विद्यालय ग्राम तथा समीपस्थ आश्रित ग्रामों में नशा मुक्ति का प्रयास सहित रथ में स्थापित प्रोजेक्टर के माध्यम से रामायण का प्रसारण तथा व्यास कथाकारों के माध्यम से ग्राम में रामकथा, हनुमान चालिसा तथा सुंदरकांड का पठन-पाठन तथा हनुमान चालिसा पुस्तिका का वितरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में अभियान द्वारा 1 से 18 जनवरी तक प्रत्येक गांव के प्रत्येक घरों में दीवार लेखन, परिवार सम्पर्क, सामूहिक सभा के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। 19 जनवरी को प्रत्येक गांव में प्रभात फेरी, शोभा यात्रा एवं झांकी निकाल कर उद्घघोष लिखे एंव बोले जायेंगे।

बच्चों में भाषायी कौशल के लिए शब्द बनाने प्रोत्साहित करें

# शैक्षणिक नवाचार के विषय पर शिक्षकों का हुआ प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बारसूर

स्थानीय स्तर पर आसानी से उपलब्ध होने वाली टीएलएम का उपयोग कर बच्चों की मौखिक अभिव्यक्ति का विकास तथा एफएलएन के लक्ष्य को हासिल करने 15 जनवरी को माध्यमिक शाला कोरलापाल में अंगना म शिक्षा प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

इसमें कोरलापाल, कासोली और रोंजे संकुल केन्द्र के 20 शिक्षकों को शैक्षणिक नवाचार के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में शामिल शिक्षकों के लिए बाकायदा ड्रेस कोड निर्धारित किया गया था। मास्टर ट्रेनर नीलम नेताम और भावना साहू ने शिक्षकों को सबसे पहले अंगना म शिक्षा प्रशिक्षण के उद्देश्य के विषय चर्चा किया। इसके बाद इसी माह से स्कूलों में लागू की जाने वाली गतिविधि का डेमो देते हुए आओ शब्द बनाएं, विषय पर शिक्षकों के साथ अनुभव साझा किये। मास्टर ट्रेनर ने बताया कि बच्चों में भाषायी कौशल के लिए शब्द बनाने उन्हें प्रोत्साहित करें। वर्णों व अक्षरों को जोड़कर शब्द बनाने की गतिविधि जो प्रशिक्षण में बताया जा रहा है, उसके अनुसार काम करने से बच्चों को सीखने में आसानी होगी। प्राथमिक शाला झोड़ीपारा रोंजे के प्रधान पाठक सुमन ठाकुर ने बताया कि अंगना म शिक्षा प्रशिक्षण से सभी शिक्षकों को रोचक शैक्षणिक नवाचार की जानकारी मिली।

## भंडारा...





**जगदलपुर।** अग्रवाल समाज के द्वारा मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर सोमवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सचिव पंकज सिंघल ने बताया कि स्वामी आत्मानंद स्कूल के सामने भंडारे कर अग्रवाल युवा मंडल एवम महिला मंडल द्वारा भोजन कराया गया। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारी एवम सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# सागर, रैयनोराज एवं अमुजुरी फरीदाबाद हरियाणा में रखेंगे अपने विचार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

दंतेवाड़ा जिले के गीदम विकासखंड अंतर्गत एजुकेशन सिटी जावंगा स्थित आस्था विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल के दो बच्चे सागर भास्कर एवं रैयनो राज मरकाम समेत व्याख्याता अमुजुरी बिश्वनाथ का चयन 9वें भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव (आईआईएसएफ) 2023 संस्करण के लिए हुआ है।

यह आयोजन 17 से 20 जनवरी 2024 तक अमृत काल में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की सार्वजनिक पहुंच (आउटरीच) विषय पर फरीदाबाद, हरियाणा में किया जा रहा है। इस विश्व स्तरीय महोत्सव में कुल 17 विधाओं में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें स्टूडेंट साइंस विलेज विधा में दंतेवाड़ा के सागर भास्कर एवं रैयनो राज मरकाम छत्तीसगढ़ राज्य दल के साथ हिस्सा लेंगे। बच्चों समेत व्याख्याता अमुजुरी बिश्वनाथ भी आकांक्षी भारत के लिए शिक्षा राष्ट्रीय विज्ञान शिक्षक कार्यशाला, साइंस थ्रू गेम्स एंड टॉयस, विज्ञानिका विज्ञान साहित्य सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इस महोत्सव का उद्देश्य भारत में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचारों के क्षेत्र में उपलब्धियों की एक विस्तृत श्रृंखला का उत्सव मनाते हुए उन्हें उजागर करना है। यह कार्यक्रम विभिन्न कार्यकलापों जैसे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों द्वारा संगोष्ठी, वक्ताओं के साथ परस्पर बातचीत, प्रदर्शनियों, प्रतियोगिताओं, कार्यशालाओं, ज्ञान-साझाकरण गतिविधियों, प्रौद्योगिकी शो आदि के माध्यम से सभी हितधारकों के बीच संयोजन रखता है। इस उपलब्धि पर दंतेवाड़ा कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर, बीईओ शेख रफीक, आस्था विद्या मंदिर प्राचार्य गोपाल पांडे समेत शिक्षा विभाग के समस्त कर्मचारियों ने शुभकामनाएं दी।

एजेंसी देनी है
बीजापुर, भैरमगढ़ एवं आवापल्ली में हरिभूमि न्यूज एजेंसी देनी है
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें
संपर्क करें
हरिभूमि
संभागीय कार्यालय जगदलपुर
पूनम हॉटल, प्रतापगंज पारा
मोबाईल नंबर
9131893124
9479089972

# रामलला के स्वागत में नगर को सजाने में जुटे रामभक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

22 जनवरी को अयोध्या धाम में श्रीरामलला मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। इसी कड़ी में विहिप द्वारा गीदम नगर में 17 जनवरी को भव्य शोभा यात्रा कार्यक्रम तय हुआ है। नगर को सजाने एवं भव्य तरीके से शोभायात्रा मनाने के लिए विहिप, बजरंग दल के कार्यकर्ता पूरे उत्साह एवं लगन के साथ कार्यक्रम की रुपरेखाअनुसार कार्यक्रम को सफल बनाने मेहनत कर रहे है। विहिप के जिलाध्यक्ष राजाराम वट्टी एवं वरिष्ठ सदस्य ओम सोनी का कहना है ये शोभा यात्रा ऐतिहासिक होगी। क्योंकि हमारे पूर्वजों के अर्पण, तर्पण, संकल्प ओर संघर्षों का ही परिणाम है। जो हम सब, हमारी वर्तमान पीढ़ी श्रीरामलला के भव्य मंदिर को बनते देख रहे है और अब प्राण प्रतिष्ठा भी मिडिया, सोशल मिडिया के माध्यम से देखेंगे। प्राण प्रतिष्ठा सिर्फ एक बार होनी है और श्रीरामलला का मंदिर अनन्त काल तक रहना है। इसीलिए हम सभी रामभक्तों के लिए ये, अद्वितीय अविस्मरणीय क्षण होने वाला है। इसीलिए हम सभी रामभक्तों से आव्हान करते है 17 जनवरी को होने वाले रामलला के भव्य शोभायात्रा में शामिल होकर इस अविस्मरणीय पल के साक्षी बने।

BHARTI VISHWAVIDYALAYA
Established under C.G. Private University (Establishment and Operation) Act, 2005 recognized u/s 2(f) UGC Act 1956
Email : registrar@bhartiuniversity.org , bhartiuniversity.in@gmail.com
Applications are invited for the position of
VICE-CHANCELLOR
A distinguished academician, with experience as a professor in a reputed organization and proof of demonstrated academic leadership.
Professor, Associate Professor, Asst. Professor
Applications are invited for the following departments:- Pharmacy, ME, CSE, CE, EE, ET&T, Commerce, Mgnt, Hotel Mgt, Education, Chemistry, Physics, Botany, Sanskrit, Zoology, Forensic Science, Sociology, Microbiology, Law, Maths, Biotech, History, Economics, Geography, Hindi, English, Psychology, Political Sc, Computer Science & IT, Library, Journalism & Mass Comm. and Non Teaching Staff on Regular and Adhoc Basis.
Interested candidates may send their resume with all testimonials within 10 days to bhartiuniversity.in@gmail.com
Eligibility & pay scale : As per UGC/ Statutory norms.
Registrar
Website : www.bhartiuniversity.org

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : ... मो. 9406004581
बिलासपुर : ... मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

